# अवध की आवाज

www.avadhkaawaz.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–292 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 20 फरवरी 2022 पृष्ठ – 4 मूल्य–3 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में प्रधानमंत्री मोदी की रैली 23 को

बाराबंकी (वेब वार्ता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाराबंकी जिले के दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में 23 फरवरी को चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके मद्देनजर शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह, आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने प्रस्तावित जनसभा स्थल रामसनेहीघाट नगर पंचायत के दयाराम पुरवा नहर के पास खाली पड़े मैदान का निरीक्षण किया। आईजी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगी एसपीजी की टीम जल्द ही कार्यक्रम स्थल का जायजा लेगी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करके आयोजकों से रैली की अनुमति लेने के साथ ही सभा स्थल एवं संभावित भीड़ के मद्देनजर जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभास्थल पर चार पहिया वाहनों के लिए रास्ता सुरक्षित रखा जाये। भारी भीड़ वाले वाहनों और हैदरगढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों को रैली स्थल से पहले टाड़िया के पास रोक दिया जाए। प्रधानमंत्री की जनसभा में आने वाली भीड़ को लेकर आसपास के किसानों की सहमति के बाद खेतों को खाली करा लिया गया है और उसकी साफ–सफाई करायी जा रही है। इस चुनावी रैली में बाराबंकी और अयोध्या जिले की जनता शामिल होगी।

### यूपी में नाइट कर्फ्यू खत्म

लखनऊ (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में वैश्विक महामारी कोविड–19 के लगातार घटते असर के मद्देनजर सरकार ने रात्रिकालीन कर्फ्यू को समाप्त कर दिया है। अपर मुख्य सचिव गश्ह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा शनिवार को जारी शासनादेश में कहा है कि कोरोना संक्रमण की दरों में प्रभावी रूप से कमी होने के मद्देनजर रात्रकालीन कर्फ्यू समाप्त किया जाता है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी के प्रकोप के चलते पिछली नौ जनवरी को रात दस बजे से सुबह पांच बजे तक रात्रि कर्फ्यू के आदेश दिये गये थे जबकि 13 फरवरी को इसमें राहत देते हुये कर्फ्यू की समय सीमा रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच निर्धारित की गयी थी। अवस्थी ने कहा कि चूंकि अब कर्फ्यू का असर कमजोर पड़ चुका है, इसलिये 19 फरवरी से इसे पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

## दो वर्षों में देश के 75 बड़े नगर निकायों में बनाये जाएंगे गोबर-धन संयंत्र : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इंदौर में नगरपालिका कचरे के प्रसंस्करण के लिए एशिया के सबसे बड़े बायो–सीएनजी संयंत्र गोबर–धन संयंत्र का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन करते हुये कहा कि आने वाले दो वर्षों में देश के 75 बड़े नगर निकायों में इस प्रकार के गोबरधन बायो–सीएनजी संयंत्र बनाने पर काम किया जा रहा है। ये अभियान भारत के शहरों को स्वच्छ बनाने, प्रदूषण रहित बनाने, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बहुत मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत देवी अहिल्या बाई होल्कर का स्मरण करते हुये कहा कि इंदौर का नाम आते ही सबसे पहले देवी अहिल्याबाई होल्कर, माहेश्वर और उनके सेवाभाव का ध्यान आता था। समय के साथ इंदौर बदला, ज्यादा अच्छे के लिए बदला, लेकिन देवी अहिल्या की प्रेरणा को खोने नहीं दिया। देवी अहिल्या के साथ ही आज इंदौर का नाम आते ही मन में स्वच्छता और नागरिक कर्तव्य भी आता है। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र काशी विश्वनाथ में देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा का जिक्र करते हुये कहा कि मुझे खुशी है कि काशी विश्वनाथ धाम में देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की बहुत ही सुंदर प्रतिमा रखी गई है। इंदौर के लोग जब बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जाएंगे, तो उन्हें वहां देवी अहिल्याबाई की मूर्ति भी दिखेगी। आपको अपने शहर पर और गर्व होगा।

## सीतापुर के समाजसेवी सपा कार्यकर्ता आफताब आलम रजा को सीतापुर जिला अध्यक्ष बनाया गया

अवध की आवाज

सीतापुर । राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत सिंह की अनुमति से मा0 प्रदेश अध्यक्ष पार्टी को मजबूत करेगे ओर मुस्लिम समाज के साथ साथ सर्व समाज को पार्टी से जुड़ने तथा समाजवादी की नीतियों



गौहर इकबाल के आदेश से और तराई जॉन के अध्यक्ष असद हुसैन 146 सीतापुर के आदेश से समाजसेवी सपा कार्यकर्ता आफताब आलम रजा को सीतापुर का राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक का जिला अध्यक्ष बनाया गया है उनके मनोयन पार्टी को उम्मीद है कि वह जिले में समाजवादी को जन जन तक पहुचाने का काम करेंगे इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला सदस्य नदीम खान मौजूद रहे आफताब आलम ने संकल्प लिया की जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाऊंगा ।आप दोनों के विश्वास को और भी मजबूत बनाऊंगा।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रोडशो में जुटी ऐतिहासिक भीड़, उमड़ पड़ा जनसैलाब

अवध की आवाज

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रोडशो में जनसैलाब उमड़ पड़ा, लायन सफारी से शहर होते हुए भरथना चौराहे तक सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित जनता ने जगह जगह अखिलेश यादव का अभूतपूर्व स्वागत किया। शहर यूपी में साइकिल चलेगी की गूंज से गूंजता रहा। नेता जी मुलायम सिंह यादव और चाचा शिवपाल सिंह भी अखिलेश यादव के साथ रथ में सवार हो गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लायन सफारी के पास विजय रथ पर सवार होकर अपार लोगों की भीड़ का हाथ उठाकर अभिवादन किया। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, सपा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व सांसद राम सिंह शाक्य, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव, इंजी. हरि किशोर तिवारी, कार्तिकेय यादव आदि अखिलेश यादव के साथ रथ पर सवार थे। मो. मंसूर ने अपने काफिले के साथ अखिलेश यादव का ऐतिहासिक स्वागत किया। इसके बाद अखिलेश का विजय रथ रोडशो के रूप में टिकसी मंदिर तिराहे पहुंचा जहां पूर्व चौयरमैन जहीर अहमद अंसारी, फिरोज अहमद अंसारी, इमरान अंसारी स्वागत किया। रिजवी, कामरान खान, शफी अहमद बालक, आलोक दीक्षित, डॉ. आशीष दीक्षित, कामिल कुरैशी, अमित सोनी, रिजवान कुरैशी, अनीस चौधरी, ने भी जोशीला स्वागत किया।



उन्नाव गंगाघाट। कोतवाली के अंतर्गत आज नगर पालिका गंगाघाट को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया जिसका उद्घाटन सीडीओ दिव्यांशु पटेल ने किया मौके पर रहे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा ने सीडीओ का स्वागत किया एवं लोगों से मतदान करने की अपील की।

## आइजीआरएस शिकायत का फर्जी निस्तारण, सील अवैध निर्माण को विहित प्राधिकारी ने खोलने का दिया आदेश

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत हो रहे नियम विरुद्ध अवैध निर्माण प्रवर्तन मे तैनात अधिकारियों के लिए मोटी कमाई उद्योग बन गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर अवैध निर्माणो की होने वाली शिकायतों का एलडीए के अधिकारियों के द्वारा फर्जी निस्तारण करके अवैध निर्माण करवाए जा रहे है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के द्वारा इमानदार कार्यशैली का संदेश दिया जा रहा है। वही लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन जोन 6 में तैनात पूर्व विहित प्राधिकारी अमित राठौर के द्वारा सील किए गए अवैध निर्माण को सील खोलने का आदेश देकर बिना मानचित्र के बहुमंजिला अपार्टमेंट बनवाया जा रहा है। विदित हो कि प्रवर्तन जोन 6 के निशातगंज स्थित न्यू हैदराबाद पुलिस सुरक्षा मुख्यालय के पास निर्माणाधीन बहुमंजिला निर्माण को तत्कालीन अधिकारियों को द्वारा सील किया गया था। वही प्राधिकरण जोन 6 के पूर्व विहित



प्राधिकारी व अवैध निर्माण कर्ता की दुरभि सन्धि के चलते गुपचुप तरीके से सील खोलने के आदेश देकर प्राधिकरण नियमो के विपरीत नियम विरुद्ध अवैध निर्माण कराया जा रहा है। श्री राठौर के प्रवर्तन जोन 1 में स्थानांतरित होने के बाद शिकायतकर्ता के द्वारा की गई आइजीआरएस पोर्टल की शिकायत का तत्कालीन विहित प्राधिकारी/अधिशासी अभियंता कमल जीत व अवर अभियंता के द्वारा कार्यवाही न करके फर्जी आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण करवाने वाले विहित प्राधिकारी कमल जीत के संरक्षण के चलते धड़ल्ले से बहुमंजिला निर्माण कार्य अनवरत करवाया जा रहा है? अब आगे यह देखना है कि स्वयं को महा ईमानदार कहानी वाले लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के द्वारा अवैध निर्माणों के संरक्षणदाता व चत्कालीन विहित प्राधिकारी अमित राठौर, कमल जीत तथा अवर अभियन्ता के विरुद्ध शहरी एवं आवासीय नियोजन 1973 की धारा 26 घ के अंतर्गत नियम विरुद्ध अवैध निर्माणों के संरक्षणदाता दोषी अधिकारियों के खिलाफ कौन सी कार्यवाही की जाएगी। यह तो समय बताया जाएगा–?

**शहरी एवं आवासीय नियोजन 1973 की धारा 26 घ के अंतर्गत नियम विरुद्ध अवैध निर्माणों के संरक्षण दाता दोषी अधिकारियों के खिलाफ अभी तक नहीं हुई कोई दंडात्मक कार्यवाही।**

## महाराजगंज थाने में कवरेज के दौरान पत्रकार पर हमला की घटना घोर निंदनीय -भा0रा0 पत्रकार महासंघ

अवध की आवाज ब्यूरो

अयोध्या। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अयोध्या की शनिवार को एक बैठक की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष सूर्य कुमार मिश्रा ने महाराजगंज थाने में सपा और भाजपा की गाड़ियों पर हुए पथराव की घटना पर महाराज गंज थाने पर खबर को कवरेज करने के लिए गए पत्रकार राम प्रकाश त्रिपाठी पर सपा के कुछ कुत्सित समर्थकों ने मारपीट किया, तथा उनकी सोने की चौन मोबाइल और पैसा छीन लिया ।यह घटना पुलिस के सामने ही हो रही थी परंतु पुलिस ने कोई हस्त क्षेप नहीं किया जिसकी संगठन घोर निंदा करता है। सरकार के निर्देशा नुसार जिस पुलिस का दायित्व सुरक्षा व्यवस्था मद्दे नजर रखते हुए पत्रकारों की सुरक्षा के लिए दिया है उसे निभाने में पुलिस विफल रही। राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा चौथे स्तंभ पर यह हमला भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन द्वारा हमलावर पर तुरंत पुलिस को मुकदमा करके गिरफ्तार किए जाने की मांग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से करता है ।निंदा करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम पांडे, मंडल अध्यक्ष सुधाकर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मंडल सचिव राकेश मिश्रा, जिला संयोजक अरुण पांडे, पृथ्वीराज सिंह जिला उपाध्यक्ष, गिरजा प्रसाद शुक्ला, राम कल्प पांडे, कपिल देव वर्मा, वकार अहमद जिला मुख्य महासचिव, ओंकार मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष, मोहम्मद फहीम जिला सचिव, शिव कुमार पांडे, शीतला प्रसाद पांडे, संयुक्त सचिव गंगाधर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य धर्मपाल सिंह, अमित यादव, देवराज गोस्वामी, रघुवर श्याम दुबे, सोहराब, तहसील मिल्कीपुर अध्यक्ष राजेश उपाध्याय, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, महामंत्री रोहित सिंह, संयुक्त सचिव पंकज मिश्रा, अखिलेश श्रीवास्तव, अयोध्या प्रसाद राणा, तहसील सोहावल संरक्षक मोहम्मद रफीक, अध्यक्ष सुरेश सिंह बाबा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, सुधीर कुमार मिश्रा, एडवोकेट अफरोज कासिम अली, कृष्ण कुमार सिंह, राजनाथ पांडे, कोषाध्यक्ष प्रदीप पांडे, आकाश मिश्रा, अनूप यादव, डीके तिवारी, मोहित यादव आदि ने कड़े शब्दों में निंदा की है तथा हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया है।

## वारंटी गिरफतार

अवध की आवाज

थाना गंगाघाट। पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एंव श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा वारंटी अमन कश्यप पुत्र स्व0 परमानंद कश्यप निवासी सुन्दर बगिया, गंगानगर थाना गंगाघाट उन्नाव सम्बन्धित अ0सं0 536ध16 धारा 363ध366 प्ब्ब व 7ध8 चैब्ब ।ब्ज, न्यायालय अपर जिला जजधविशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट उन्नाव को गिरफ्तार किया गया।

## अनुशासन ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है–एके सूद,,

अवध की आवाज

गोंडा। श्रीराम तीर्थ स्मारक महाविद्यालय इटियाथोक में चल रहे एनसीसी प्रशिक्षण समापन समारोह में कैम्प कमांडर अरविंद कुमार सूद ने कैडेट्स के अन्दर जोश और जज्बे को बरकरार रखने की सीख दी। समापन समारोह के अन्तिम दिन 51 यूपीबीएन बटालियन के कैट्स 164 के कैडेट्स ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अलग अलग ग्रुप के सफल कैडेट्स को मेडल देकर कैम्प कमांडर ने सम्मानित किया गया। क्लोजिंग सेरेमनी में श्री सूद ने बताया प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैडेट्स को सैन्य कर्मियों द्वारा फौजी जीवन, कम्यूनिटि, आउटडोर ट्रेनिंग, ट्रेनिग एक्टिविटी, फायरिंग, एफ सी बी सी, डेमो के साथ कई प्रतियोगिता से गुजरना पड़ा है। उन्होंने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो सीखने को मिली है उसको अनुशासन, जोश और जज्बो के साथ जीवन में बरकरार रखे। उन्होंने बताया एनसीसी से हमे अपने कैरियर को बनाने में मदद मिलती है। श्री सूद ने समापन समारोह में कहा कि जो भी कैडेट्स एनसीसी का सी सर्टिफिकेट कोर्स करना चाह रहे है वह अच्छी शिक्षा के साथ सी सर्टिफिकेट कोर्स के लिए भी आवेदन कर दे। जिससे कैडेट्स का अनुशासन



बरकरार रहे। श्री सूद ने समापन समारोह के दौरान प्रशिक्षण दे रहे नायब सूबेदार इस्लाम, सूबेदार कुलवीर सिंह, सूबेदार देव बहादुर गुरुंज, नायब सूबेदार सुखविंदर सिंह, बीएचएम लाल बहादुर थापा, हवलदार गोविंद्रा गुरुंज, हवलदार डोब बहादुर थापा, हवलदार सूरज गुरुंज, हवलदार शोम बहादुर, हवलदार मनोज पण्डित, हवलदार मुकेश, हवलदार मण्डल, ले0 मेजर अजय कुमार मिश्रा, मेजर वंदना पाण्डेय, मेजर वीरेन्द्र कुमार शुक्ला, ले0 शशांक के कार्यों की सराहना की।




# सम्पादकीय

## विकास की राजनीति के नायक योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव चल रहा है। राजनीति की दृष्टि से देश के सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी–अपनी विचारधारा और मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। कहीं जातिवाद हावी है, तो कहीं पिछड़ेपन की बात की जा रही है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में किए गये विकास कार्यों को लेकर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के निवासियों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किया। योगी श्री आदित्य नाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राज्य की जनता की सेवा के लिए विकास कार्यों को अपना मंत्र बनाया। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई।

प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आरम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई। राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रारम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश बेरोजगारी भत्ता नामक योजना आरम्भ की गई। योगी सरकार चाहती है कि राज्य के सभी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा–पूरा लाभ प्राप्त हो। इसलिए सरकार ने श्रमिक पंजीकरण योजना प्रारम्भ की है।

श्रमिकों के भरण पोषण के लिए राज्य में श्रमिक भरण पोषण योजना आरम्भ की गई है, जिसमें श्रमिकों को धन एवं अन्न दोनों ही उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना काल में दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों को वापस लाने के लिए उत्तर प्रदेश प्रवासी मजदूर घर वापसी पंजीकरण योजना आरम्भ की गई। इसके साथ ही राज्य की समश्द्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए परम्परागत खेती विकास योजना चलाई जा रही है। खेतों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश निःशुल्क बोरिंग योजना तथा उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना संचालित की जा रही है। इनके अतिरिक्त बीज ग्राम योजना के अंतर्गत किसानों को धान एवं गेहूं के बीज पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है।

पारदर्शी किसान सेवा योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को समुचित उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। किसानों को ऋण के बोझ से मुक्त करने के लिए किसान ऋण मोचन योजना प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य में अनाथ बच्चों को आसरा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गई। महिला सशक्तिकरण के लिए भी सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों की पुत्रियों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना के अंतर्गत पुत्री की शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

इसके अतिरिक्त लोगों को घर बैठे बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंकिंग संवाददाता सखी योजना प्रारम्भ की गई है। इससे जहां लोगों को घर पर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, वहीं महिलाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य में अनेक पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना तथा उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पेंशन योजना सम्मिलित हैं। सरकार लड़कियों और दिव्यांगों के विवाह के लिए अनुदान प्रदान कर रही है। उत्तर प्रदेश विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत लड़कियों के विवाह के लिए सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है।

दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के विवाह लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। राज्य में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रों एवं उनके नये भवनों की स्थापना की जा रही है। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण किय जा रहा है। उत्तर प्रदेश छात्रवशत्ति योजना के अंतर्गत छात्रों को छात्रवशत्ति प्रदान की जा रही है। सरकार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर है। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सेफ सिटी योजना प्रारम्भ की गई है। विद्युत क्षेत्र में भी योगी सरकार उत्कृष्ट कार्य किया है। परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रों के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर–घर प्रकाश फैला है। परिवहन के क्षेत्र में भी सरकार ने सराहनीय कार्य किए हैं। राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी बहुत उन्नति की है। कोविड महामारी से गांवों को सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार द्वारा अपनाई गई नीति को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहा है।

सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य जारी है। योगी सरकार राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। राज्य धर्म, संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है। योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य में रोजगार के अवसर तीव्रगति से बढ़े हैं। स्टार्टअप नीति के अंतर्गत पांच लाख युवाओं को रोजगार मिला है, जबकि मनरेगा के माध्यम से डेढ़ करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ महिलाओं को रोजगार मिला है। इतना ही नहीं साढ़े चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई, जबकि साढ़े तीन लाख युवाओं की संविदा पर नियुक्ति हुई है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम को 2–16 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। योगी आदित्यनाथ का दावा है कि जनता उनके विकास कार्यों के आधार पर भाजपा को पुनः सत्ता सौंपेगी।

# दिल्ली में निगाहें पंजाब पर निशाना

–सज्जाद हैदर–

राजनीति के क्षेत्र में न ही कोई अस्थाई मित्र होता है न ही कोई स्थाई विरोधी। राजनीति का अध्याय एक ऐसा अध्याय है जिसे थ्योरी के रूप में पूरे तरह से नहीं समझा जा सकता। यदि राजनीति को समझना है तो प्रैक्टिकल की प्रयोगशाला में झाँककर देखना ही होगा। क्योंकि राजनीति का पूरा खेल समीकरण पर ही आधारित होता है। कोई भी सियासी पार्टी किसी से भी सियासी पार्टी से गठबंधन कर सकती है बस उद्देश्य सिद्ध होना चाहिए। यही एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका दृश्य अनवरत दिखाई देता रहता है। कोई भी राजनेता किसी भी मंच से उछलकर दूसरी पार्टी के मंच पर कूद पड़ता है। बस नेता का अपना जनाधार होना चाहिए। मजे की बात तो यह है कि वही नेता जब दूसरे दल में रहता है तो उसपर अनगिनत आरोप लगाए जाते हैं। और जैसी ही वह अपना पाला बदल लेता है तो उसके सारे पाप धुल जाते हैं। अजब दृश्य है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री के बीच जुबानी जंग शुरू है। चरणजीत चन्नी ने कहा अरविंद केजरीवाल झूठे हैं मेरे खिलाफ उन्होंने कई आरोप लगाने की कोशिश की लेकिन एक भी आरोप सच नहीं थे उन्होंने राज्यपाल से भी मेरे खिलाफ शिकायत की जिसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के आरोप में रोपड़ जिला प्रशासन और पुलिस ने कांग्रेस के मुख्यमंत्री उम्मीदवार चन्नी को क्लीन चिट दे दी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले चन्नी ने केजरीवाल और आप नेताओं की तुलना ब्रिटिश शासन से करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब को लूटने आई है चन्नी ने कहा अंग्रेज भारत को लूटने आए थे वैसे ही केजरीवाल और उनका दिल्ली परिवार जैसे राघव चड्ढा और अन्य बाहरी लोग पंजाब को लूटने आए हैं लेकिन पंजाब उन्हें उनकी जगह दिखाएगा जैसे उसने अंग्रेजों को दिखाई थी। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर अवैध रेत खनन को लेकर निशाना साधते हुए कहा था कि उनसे पंजाब के बेहतर भविष्य की उम्मीद कैसे की जा सकती है। सियासत का वाजिब समय है तो राजनीति होनी ही है। बयानबाजी तो होनी ही है। लेकिन जनता का फैसला क्या होता है यह देखने की बात होगी।

पंजाब के चुनाव में मौजूदा सरकार जहाँ अपनी जमीन बचाने की कोशिश में लगी हुई है वहीं भाजपा अपने सियासी समीकरण को बहुत ही तेजी के साथ साधने में लगी हुई है इसका एक रूप दिल्ली में दिखाई दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर सिख समुदाय के कई प्रमुख लोगों की मेजबानी की और उनकी सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए गए कार्यों को रेखांकित किया। राजनीति के जानकारों का मानना है कि पंजाब के विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को और अधिक मजबूत करने की जुगत में यह मुलाकात हुई है। भारतीय जनता पार्टी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस तथा अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींढसा धड़े के साथ गठबंधन करने के साथ ही सिख समुदाय को लुभाने में जी जान से जुटी है। बात तो यहाँ तक आ गई कि हम हर दिन समुदाय के लिए काम करना चाहते हैं पर अफसोस है कि पिछली सरकारों ने करतारपुर साहिब जैसे सिखों के पवित्र स्थलों को भारतीय क्षेत्र में लाने के मौके गंवा दिए। सियासी खींचतान यहीं तक नहीं रूकी वह 1947 तक पहुँच गई। धार्मिक पवित्र करतारपुर साहिब को भारत में होने की बात तक सामने लाई गई। चूँकि चुनाव है तो राजनेताओं के द्वारा अपने–अपने समीकरणों को बखूबी मजबूत किया जाना स्वाभाविक है। यदि सियासी बयानों के पन्नों को पलटकर देखते हैं तो पूर्व में कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए पहले ही सिद्ध कर दिया था। आने वाले समय में ऊँट किस करवट बैठेगा। कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी के फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुनः साबित कर दिया है कि वह जनता की राय पर ध्यान देते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के बारे में बताया। यह किसी शर्त के साथ या चरणबद्ध वापसी नहीं थी प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ निर्णय लिया है। यह फैसला जीत या हार के किसी राजनीतिक सोच–विचार के बिना यह फैसला लिया गया। बता दें कि पंजाब चुनाव में भाजपा के गठबंधन में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींडसा के शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) का नाम शामिल है इससे पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नवगठित पंजाब लोक कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह और राज्यसभा सदस्य ढींडसा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इनकी मुलाकात शाह के घर पर हुई थी जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बड़े नेता शामिल थे। इस बैठक में फैसला किया गया कि भाजपा कैप्टन की पार्टी और ढींडसा की पार्टी पंजाब में मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने जालंधर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत माँगने पर निशाना साधा वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी पर गली–गली शराब की दुकानें खुलवाने का आरोप लगाया युवा पीढ़ियों को शराब की लत से छुटकारा दिलाने के लिए उन्होंने पंजाब में डबल इंजन की एनडीए सरकार के लिए वोट माँगा। ज्ञात हो कि पंजाब में नशा सबसे मुख्य मुद्दा है इसलिए भाजपा मौके न गंवाते हुए भरपूर निशाना साधते हुए दिल्ली की शराब की दुकान का प्रचार पंजाब के चुनाव में बखूबी किया। जिससे कि पंजाब में आप के विरोध में भाजपा का मजबूत महौल बन सके। बीजेपी इस चुनाव में 65 सीटों पर चुनाव लड़ रही है वहीं 37 सीटों पर कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं और 15 सीटों पर ढींढसा की पार्टी के उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पंजाब की राजनीति को बेहद करीब से जानने वाले कहते हैं कि 1996 में शिरोमणि अकाली दल ने अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार का बिना शर्त समर्थन दिया था उसी समर्थन के बाद पहली बार 1997 में पंजाब में बीजेपी और अकाली दल का गठबंधन बना जो 23 साल बाद 2020 में जाकर टूटा। लेकिन एक खास बात यह है कि पंजाब की धरती पर अकाली दल के साथ बीजेपी हमेशा छोटे भाई की भूमिका में रही है परन्तु इस बार कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी के साथ गठबंधन में बीजेपी इस बार बड़े भाई की भूमिका में है छोटे भाई की भूमिका में कभी बीजेपी को पंजाब में अपने पैर को मजबूत करने का मौका नहीं मिला। जानकारों की माने तो जिन सीटों से भाजपा अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ती थी वहाँ अकाली दल का वोट बीजेपी को ट्रांसफर होता था लेकिन कैप्टन अमरिंदर सिंह के गठबंधन में भी क्या ऐसा हो पाएगा यह देखना अभी बाकी है।

प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषणों में देशभक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा और पंजाब में विकास की बात करते हैं। ये तीनों बातें इसलिए अहम हैं क्योंकि पंजाब की सत्ता में बीजेपी जब भी रही छोटे भाई की भूमिका में रही उन्हें सीधे तौर पर कानून व्यवस्था जमीनी विकास अथवा किसानो की स्थिति जैसे मुद्दों पर घेरा नहीं जा सकता। निश्चित है कि भाजपा को इसका लाभ मिलना स्वाभाविक है। लेकिन किसान आंदोलन की नाराजगी से भाजपा कैसे निपटेगी यह देखने वाली बात है। अगर भाजपा किसान आंदोलन की नाराजगी को पाट देती है तो निश्चित ही परिणाम कुछ अलग ही दिखाई देंगे।

अगर बात कैप्टन की करें तो कैप्टन एक बड़ा चेहरा है। यह अलग बात है कि पार्टी नई है पर चेहरा किसी पहचान का मोहताज नहीं है। अब देखना यह दिलचस्प है कि कैप्टन अपने चेहरे पर कितना वोट अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। वोट आकर्षित करने की बात इसलिए कि कैप्टन जो भी वोट आकर्षित खींचेंगे वह वोट सीधे–सीधे कांग्रेस का ही होगा। जिससे कांग्रेस को नुकसान होना स्वाभाविक हैं। अगर कैप्टन अपने चेहरे पर कांग्रेस का वोट काट लेते हैं तो परिणाम पूरी तरह से अलग होंगे। साथ ही अगर कैप्टन अपने मतों को भाजपा की ओर ट्रान्सफर कर पाते हैं तो दृश्य पूरी तरह से बदलना स्वाभाविक है। इस सियासी खींचतान में कांग्रेस और कैप्टन की जुगलबंदी ही हार जीत के भविष्य की बड़ी पटकथा लिखेगी। अगर कांग्रेस अपना वोट बिखरने से रोक लेती है तो कैप्टन का सीमित होना स्वाभाविक है। अगर कांग्रेस अपना वोट बैंक बिखरने से नहीं रोक पाती तो कैप्टन का मजबूत होना भी स्वाभाविक है। अगर कैप्टन इस चुनाव में मजबूत हो पाते हैं तो पंजाब की राजनीति का रूप रंग बदलना निश्चित है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि आने परिणाम किस रूप में उभरकर सामने आते हैं।

(वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्र चिंतक)

# ईओएस–04: अंतरिक्ष में भारत की तीसरी आंख

–योगेश कुमार गोयल–

पिछले दिनों इसरो ने अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाते हुए भारत के नवीनतम अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट 'ईओएस–04' को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया और इस सफलता के साथ ही इसरो की सफलता के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया। इसरो का इस साल का यह पहला मिशन था और इस मिशन की एक अन्य विशेष बात यह थी कि इसरो के नए चेयरमैन तथा अंतरिक्ष विभाग के सचिव एस. सोमनाथ द्वारा पदभार संभालने के बाद इसरो का यह पहला लांच था।

इसरो के इस मिशन में गत 14 फरवरी को धरती की निगरानी करने वाले सैटेलाइट ईओएस–04 के साथ दो अन्य छोटे सैटेलाइट भी सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिए गए। साढ़े 25 घंटे के काउंटडाउन के बाद पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल पीएसएलवी–सी52 ने सुबह करीब 6 बजे तीनों सैटेलाइट के साथ उड़ान भरी और करीब 17 मिनट 34 सेकेंड की उड़ान के बाद तीनों सैटेलाइट को सन–सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में प्रविष्ट करा दिया, जो लक्षित ऑर्बिट के बहुत करीब है। पीएसएलवी के जरिये ईओएस–04 को पश्थ्वी से 529 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया है।

इसरो के मुताबिक ईओएस–04 सैटेलाइट अगले कुछ दिनों में आंकड़े उपलब्ध कराने लगेगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र एसएचएआर से इसरो का यह 80वां लांच व्हीकल मिशन था तथा पीएसएलवी की 54वीं उड़ान थी जबकि एक्सएल कांफिगरेशन में 6 पीएसओएस–एक्सएल (स्ट्रैपऑन मोटर्स) के जरिये इस सिस्टम का प्रयोग करते हुए पीएसएलवी का यह 23वां अभियान था। अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित होने के बाद 1710 किलोग्राम वजनी ईओएस–04 अगले कुछ दिनों में आंकड़े उपलब्ध कराने लगेगा और आगामी 10 वर्षों तक कार्य करेगा। इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ के मुताबिक यह स्पेसक्राफ्ट देश की सेवा करने के लिए सबसे बड़ी परिसम्पत्तियों में से एक बनने जा रहा है। सैटेलाइट डायरेक्टर श्रीकांत का कहना है कि ईओएस–04 ने अंतरिक्ष क्षेत्र को उद्योग जगत की भागीदारी के लिए खोलने के देश के सपने को साकार करने की दिशा में छोटा कदम बढ़ाया है और इसरो अपने प्रयासों में सफल रही है।

इससे पूर्व इसरो द्वारा नवम्बर 2020 में पश्थ्वी अवलोकन उपग्रहों की श्रश्ंखला का पहला उपग्रह ईओएस–01 सफलतापूर्वक लांच किया गया था। उसके बाद ईओएस–02 को मार्च–अप्रैल 2021 के आसपास लांच किया जाना था लेकिन कोविड–19 महामारी के कारण उसे लांच किया जाना संभव नहीं हुआ। 12 अगस्त 2021 को इसरो द्वारा ईओएस–03 उपग्रह का प्रक्षेपण किया गया लेकिन इसरो का वह मिशन असफल रहा, जिससे इसरो को झटका लगा।

जीएसएलवी–एफ10 के जरिये जब इसरो द्वारा धरती पर निगरानी रखने वाले उपग्रह ईओएस–03 का प्रक्षेपण शुरू किया गया था, तब पहले दो चरणों में वह सफलतापूर्वक आगे बढ़ा था लेकिन तीसरे चरण में इसके क्रायोजेनिक इंजन में खराबी आने के कारण इसरो को आंकड़े मिलने बंद हो गए, जिससे इसरो का महत्वाकांक्षी मिशन पूरा नहीं हो सका था। 2017 के बाद से किसी भारतीय अंतरिक्ष प्रक्षेपण में यह पहली विफलता थी। ईओएस–03 लांच की विफलता से पहले इसरो के लगातार 14 मिशन सफल रहे थे। ईओएस–03 को अंतरिक्ष से धरती की निगरानी करनी थी।

जहां तक हाल ही में अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किए गए पश्थ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–04 की बात है तो यह एक ऐसा अग्रिम रडार इमेजिंग उपग्रह है, जिसे अंतरिक्ष में भारत की सबसे तेज आंखें भी कहा जा रहा है। यह अर्थ ऑब्जर्वेशन रीसैट उपग्रह की ही एक एडवांस्ड सीरीज है। बेंगलुरु स्थित यूआर राव सेटेलाइट सेंटर में बनाया गया यह उपग्रह एक रडार इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसका इस्तेमाल पश्थ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में किया जाएगा और इन तस्वीरों का उपयोग जलीय स्रोतों, फसलों, जंगलों तथा बड़ी परियोजनाओं की निगरानी में किया जा सकेगा। इस उपग्रह को हर तरह के मौसम में कृषि, वानिकी, पौधारोपण, मिट्टी में नमी, जल विज्ञान, बाढ़ मैपिंग जैसे कार्यों के लिए हाई रेजोल्यूशन तस्वीरें उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। ईओएस–04 का सिंथैटिक अपरचर रडार बादलों के पार भी दिन–रात तथा हर प्रकार के मौसम में स्पष्टता के साथ देख सकता है और इसमें लगे कैमरों से बेहद स्पष्ट तस्वीरें खींची जा सकती हैं। इस सैटेलाइट की बेहद ताकतवर आंखों से सीमाओं पर दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखना भी आसान हो जाएगा। भारत के दुश्मन पड़ोसी देशों चीन और पाकिस्तान की सीमा के आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने में यह उपग्रह इन्हीं खूबियों के चलते भारतीय सेना के लिए भी मददगार साबित हो सकता है। इसकी मदद से सेना हर तरह के मौसम में दिन–रात दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रख सकेगी। यह उपग्रह धीरे–धीरे सूर्य की समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित होगा। यह कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन सहायता में प्रयोग किया जाने वाला पश्थ्वी अवलोकन उपग्रह है, जो अंतरिक्ष में भारत की तीसरी आंख साबित होगा।

इसरो द्वारा धरती की निगरानी करने वाले ईओएस–04 के साथ दो अन्य छोटे ध्रुवीय उपग्रहों इंस्पायर सैट–1 तथा आइएनएसटी–2टीडी को भी सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। इनमें इंस्पायर सैट–1 को भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान तकनीक संस्थान द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर स्थित लेबोरेटरी ऑफ एटमोस्फेरिक एंड स्पेस फिजिक्स के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसके अलावा इसमें एनटीयू सिंगापुर तथा एनसीयू ताइवान का भी योगदान है। 8.1 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह का मिशन काल एक वर्ष है और इसके जरिये आयनोस्फीयर डायनेमिक्स तथा सूर्य की कोरोनल हीटिंग प्रक्रियाओं के बारे में शोध किया जाएगा। दूसरे छोटे टैक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर उपग्रह आईएनएस –2टीडी में एक थर्मल इमेजिंग कैमरा है, जिसके जरिये भूमि के तापमान, झीलों के पानी की सतह के तापमान इत्यादि का पता लगाया जाएगा।

इस उपग्रह को भारत तथा भूटान के संयुक्त उपग्रह आईएनएस–2वी के पहले ही विकसित कर अंतरिक्ष में भेजा गया है, जो इसरो का तकनीक प्रदर्शन सैटेलाइट है। 17.5 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह का मिशन काल छह माह का है, जिसके जरिये धरती की सतह, जलाशयों तथा झीलों में पानी की सतह के तापमान का आकलन और दिन–रात फसलों व वनों तथा तापीय निष्क्रियता का चित्रण किया जा सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# सिपाही बनाम प्यादा सियासत का इरादा

–सज्जाद हैदर–

जी हां उत्तर प्रदेश का चुनाव आरंभ हो चुका है सियासी योद्धा मैदान में कूद चुके हैं सब अपना–अपना भाग्य भरपूर आजमा रहे हैं। सभी महारथी जनता के बीच जाकर अपना–अपना करतब दिखा रहे हैं। सियासी बांड़ वायुमण्डल में भरपूर दागे जा रहे हैं। सियासी मंचों पर राजनेता जादुई चिराग लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी छोटे बड़े दलों ने अपने–अपने महारथियों को मैदान में करतब दिखाने के लिए उतार दिया है। सियासी चिराग से सियासी जिन मंच से मैदान की ओर ढकेल कर बखूबी पहुँचाया जा रहा है। क्योंकि सियासी जिन्न ही है जोकि सियासी माहौल को बखूबी गढ़ सकता है। इसलिए जिन्नाती चिराग पूरी दमखम के साथ दौड़ रहा है। सभी महारथी अपना–अपना हुनर दिखा रहे हैं जिसको प्रदेश की जनता टकटकी लगाए हुए निहार रही है। महारथियों की कुश्तियाँ आरंभ हैं। जो कि जनता के सामने है। परन्तु सियासत के मैदान का एक दृश्य सबसे विचित्र है। क्या राजनीतिक महारथियों की कुश्तियाँ वास्तविक कुश्ती है अथवा नूरा कुश्ती। क्योंकि सत्ता की चाहत में महारथी अनेकों प्रकार के नए से नए उपाय खोजकर जनता के सामने प्रकट हो रहे हैं। यदि शब्दों को बदलकर कहा जाए तो शायद गलत नहीं होगा कि यह सियासी महारथी किसी वैज्ञानिक से तनिक भी कम नहीं हैं क्योंकि यह महारथी सियासी प्रदर्शन के लिए जिस प्रकार का ताना–बाना बुन देते हैं वह तो कोई भी वैज्ञानिक भी साधारण रूप से कर पाने में पूर्ण रूप से में सफल नहीं हो सकता। परन्तु यह सियासी महारथी हैं। यह जो कुछ भी चाहें बड़ी ही उपयुक्त रणनीति के साथ कर सकते हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महारथियों ने करतब दिखाने आरंभ कर दिए हैं। जिसका रूप ही नहीं रंग भी निराला है।

इस पूरे चक्र में जनता कहाँ खड़ी है यह बड़ा सवाल है। क्योंकि जो भी महारथी सियासत के मैदान में करतब दिखा रहें हैं उनका खास उद्देश्य है। कोई भी महारथी बिना किसी उद्देश्य के मैदान में करतब नहीं दिखा रहा है। भाग्य बदलने की बात तो सब करते हैं यह भी सत्य है। परन्तु भाग्य किसका बदलेगा यह बड़ा सवाल है। क्योंकि ननकू–रज्जाक की प्रगति की क्या स्थिति है यह भी किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। ननकू–रज्जाक ने कितनी प्रगति की है यह भी जगजाहिर है। लेकिन सियासत के सियासी खिलाड़ी अपने–अपने हुनर को बखूबी आजमा रहे हैं। सब अपने अपने करतब का प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि करतब के पीछे सबके अपने–अपने उद्देश्य हैं। कोई चुनाव में विजय प्राप्त के लिए मैदान में उतरा है तो कोई चुनाव में विजय दिलवाने के उद्देश्य से मैदान में उतरा है। ऐसा क्यों न हो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि सभी सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं कोई ईश्वर का दूत नहीं है। इसलिए सभी को अपना–अपना जादू चलाने का पूरा अधिकार है। सब अपने–अपने जिन्नाती चिराग को लेकर घूम रहे हैं।

कोई प्रत्यक्ष रूप से सत्ता का स्वाद चखाना चाहता है तो कोई परोक्षरूप से सत्ता का आनंद लेने की जुगत में लगा हुआ है। सियासी कुश्ती का खेल चल रहा है। यह अलग बात है कि कुश्ती कहां कुश्ती है और कहां पर नूरा कुश्ती। परनतु जनता है। चुनाव है। कलाकार बड़े हैं कोई साधारण कलाकार नहीं हैं। जनता पूर्ण रूप से टकटकी लगाए हुए निहार रही है। बयानबाजी अपने चरम पर है। बयान दाता अपनी बयानबाजी से जनता को अपनी ओर आकर्षित करने की कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सभी बयान दाता जनता को अपने पाले में समेटना चाहते हैं। अब देखना यह है कि बयान दाताओं की बयानबाजी में जनता कहां तक सिमट पाती है। और किसके ओर सिमट पाती है। क्योंकि इस खेल में एक दृश्य बड़ा गम्भीर है जोकि पर्दे के पीछे है जिसे साधारण आँखों से नहीं देखा जा सकता उसे देखने के लिए एक खास उपकरण की जरूरत होती है। सत्ता और सियासत में जो कुछ सामने से दिखाई देता है कभी–कभी वह सत्य नहीं होता अपितु सत्य वह होता है जोकि दिखाई नहीं देता। जिसे समझने की आवश्यकता है।

(वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्र चिंतक)

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सत्ता में वापस लौटे तो होली-दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर देंगे

गोंडा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोंडा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने करनैलगंज में जनता से वादा किया कि अगर यूपी में भाजपा सरकार फिर से सत्ता में आती है तो गरीबों



को होली व दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर दिया जाएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत अब कमजोर देश नहीं रहा। दुनिया में भारत की बात को अब पूरी गंभीरता से सुना जाता है। पहले ऐसा नहीं था। कांग्रेस के लोग देश को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि गलवान घाटी में 38–50 भारत के सिपाही चीनी सैनिकों के साथ झड़प में शहीद हो गए जबकि चीन के सिर्फ तीन से चार सैनिक ही मारे गए हैं। मैंने रक्षामंत्री होने के बावजूद इस पर जवाब नहीं दिया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि लोगों को जो कहना है कहने दीजिए। रक्षामंत्री ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि मोदी सरकार के दौरान चीन और पाकिस्तान करीब आए हैं। लगता है कि उन्होंने भारत का आधुनिक इतिहास नहीं पढ़ा है। जब पाकिस्तान ने सियाचिन घाटी चीन को सौंपी थी तो देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। पाक अधिकृत कश्मीर में जब काराकोरम हाइवे बनाया जा रहा था तो उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। वहीं, जब चीन पाक आर्थिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा था तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं बल्कि डॉ. मनमोहन सिंह थे।

# बुजुर्ग और दिव्यांगों ने घर में बैठकर किया मतदान, दो दिनों तक चलेगा कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ की सभी नौ विधानसभा सीटों पर शनिवार और रविवार को 80 साल की उम्र पूरी कर चुके बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर से वोट कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मतदान कर्मी घर–घर जाकर वोट बैलेट बॉक्स में वोट करवा रहे हैं। इसके लिए 77 टीमें जिला निर्वाचन कार्यालय ने तैनात की हैं। प्रभारी पोस्टल बैलेट पवन गंगवार ने बताया कि सभी 77 टीम में पीठासीन अधिकारी के अलावा माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी, वीडियो टीम रहेगी। हर वोट का वीडियो बनाने का काम टीम करेगी। ऐसा किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति के समय साक्ष्य के रूप में हो सकेगा। सुबह आठ बजे से शाम छह बजे के बीच मतदान कराया जाएगा। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को रूट चार्ट उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे में उनके अधिकृत एजेंट मतदान कराने के समय उपस्थित रह सकते हैं। कुल 1719 मतदाताओं से वोट कराया जाना है। इसमें 80 साल से अधिक के 1267 बुजुर्ग मतदाता और 452 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।



# आगरा में जूता फैक्टरी में लगी आग: दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू, 24 घंटे में हुई दूसरी घटना



आगरा। आगरा के रकाबगंज क्षेत्र के चक्की पाट में शनिवार को जूता फैक्टरी में आग लग गई। घटना सुबह तकरीबन 10 बजे हुई। सूचना पर दमकल पहुंची। तकरीबन दो घंटे में आग बुझ सकी। आग लगने का कारण पता किया जा रहा है। आग में काफी सामान जल गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फैक्ट्री मालिक धर्मेंद्र सोनी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम को फैक्टरी बंद करके गए थे। शनिवार सुबह आए तो आग प्रथम तल पर बने कमरे में लगी हुई थी। इस पर कर्मचारियों ने पहले बाल्टी से पानी डाला गया। मगर, आग काबू में नहीं हुई। बाद में पुलिस और दमकल को सूचना दी। दमकल की चार गाड़ियों ने पहुंचकर आग बुझाई। शहर में 24 घंटे में जूता फैक्ट्री में आग लगने की यह दूसरी घटना सामने आई है। अग्निशमन विभाग मामले की जांच में लगा हुआ है। थाना अध्यक्ष रकाबगंज राकेश कुमार का कहना है कि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। लाखों का नुकसान होने की बात कही गई है। घटना से इलाके में अफरा–तफरी मच गई थी।

# बहुजन समाज के लोग अपनी–अपनी जातियों के अंधियारे में ही मस्त होकर रह गए हैं : लक्ष्य

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। भारतीय समन्वय संगठन (लक्ष्य) की सीतापुर टीम ने लक्ष्य कमांडर डॉ जे आर दिनकर के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की जयंती सीतापुर के सहजनपुर में बड़ी धूमधाम से मनाई । जिसमे बहुजन समाज के कई गांव के लोगो ने हिस्सा लिया और गांव में जनजागरण रैली भी निकाली जिसमे लोगों द्वारा बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के सम्मान में जोरदार नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर लक्ष्य टीम द्वारा एक कैडर कैंप का आयोजन भी किया गया । दूषित मानसिकता वाले लोगों की एक सोची समझी चाल रही है कि एक विशाल समाज को अपने स्वार्थ में जातियों के छोटे–छोटे टुकड़ों में बाँट दें ताकि बहुजन समाज के लोग उनकी गुलामी करने के लिए मजबूर हो और उनके खिलाफ कभी भी एकजुट ना हो सके और ये दूषित मानसिकता वाले लोग देश की सारी की सारी धन धरती पर अपना कब्जा बनाए रखें स जिसमें हम लोगों को धर्म व कर्मों का चश्मा पहना दिया तथा अंधविश्वास का नशा करा दिया गया जो आज तक नही उतरा है । यही कारण है कि बहुजन समाज के लोग इनकी चालों में फंसे रहे जिसके कारण बहुजन समाज के लोग हजारों वर्षों से अमानवीय जीवन जीने के लिए विवश है और हम लोग इस जातियों के दलदल में मस्त हो गए हैं अगर बहुजन समाज के लोगों को अपना जीवन स्तर बदलना है तो अपनी सोच में बदलाव लाने होंगे जातियों के चश्मे को उतार फेकना होगा तभी जाकर इन दूषित मानसिकता वाले लोगों की असलियत और वास्तविक दुनिया दिखाई देगी स मनुवादियों की इन चालों के खिलाफ हमारे महापुरुषों ने समय–समय जोरदार बिगुल भी बजाए जिससे इनके जड़ें कमजोर भी हुईं यह बात लक्ष्य के कमांडरों ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि बहुजन समाज के लोग अपनी अपनी–अपनी जातियों के अंधियारे में ही मस्त होकर रह गए हैं। हम



उससे निकलने का कोई भी प्रयास नहीं कर रहें हैं अगर कोई करता भी है तो अधिकतर लोग उसकी टांग खींचने में अपनी ऊर्जा लगा देते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवीय जीवन के लिए हमें जातियों के अंधियारे से बाहर निकलना होगा तभी जाकर हम लोग विकास देख पाएंगे। इस सामाजिक चर्चा में लक्ष्य कमांडर डॉ जगजीवन दिनकर, रेखा आर्या, राजकुमारी कौशल, संघमित्रा गौतम, देवकी बौद्ध, बबिता सेन, सुमन सिंह बौद्ध, राजेश कुमार, देशराज गौतम, राज कुमार सिंह, डॉ राजेन्द्र यादव। सुषमा बाबू, रेखा दिनकर ने हिस्सा लिया।

# हाईवे पर डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बेटा व बेटी घायल

उन्नाव। लखनऊ–कानपुर हाईवे पर दही थाना क्षेत्र के मुर्तजानगर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक में पीछे बैठे अजगैन कोतवाली के कस्बा नवाबगंज निवासी 65 वर्षीय संतोष की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा 22 वर्षीय बेटा आकाश व बीच मे बैठी बेटी मधु घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक संतोष अपने बेटे व बेटी के साथ भतीजी के बेटे की शादी में शुक्रवार शाम बाइक से बिठूर गया था। शनिवार सुबह घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गया। संतोष की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# यूपी में रात का कोरोना कर्फ्यू हुआ खत्म, अब दुकानें खुलने की बंदिशें समाप्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार से रात के कोरोना कर्फ्यू समाप्त होने की घोषणा कर दी गई है। जिससे दुकानों के खुलने पर लगी बंदिशें भी समाप्त हो गई हैं। शनिवार दोपहर यह आदेश जारी किया गया है। अभी तक रात के 11 बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू जारी था। जिससे दुकानें और रेस्टोरेंट 11 बजे तक बंद हो जाते थे। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार कम होते जा रहे हैं जिसे देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है।



**आधी की जाएगी रैपिड रिस्पांस टीमों की संख्या**

लखनऊ शहर में संक्रमण कम होने से स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड रिस्पांस टीम की तादाद भी आधी करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है। वहां से मुहर लगते ही टीम घटा दी जाएगी। लखनऊ में रोजाना मिलने वाले नए संक्रमितों की संख्या 100 के करीब पहुंच गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने रैपिड रिस्पांस टीम की संख्या में 50 प्रतिशत तक की कटौती का फैसला किया है। अफसरों का कहना है कोरोना के मरीज बढ़ने पर स्वास्थ्य विभाग रोजाना 15 से 20 हजार से अधिक लोगों की रोजाना जांच कर रहा था। इसके लिए डीएम के निर्देश पर आरआरटी टीम की संख्या बढ़ाकर 206 कर दी थी। अब संक्रमण का ग्राफ कम होने पर टीमों में कटौती करने के लिए डीएम को पत्र भेजा गया है। वहां से मुहर लगने के बाद टीम की संख्या 100 से नीचे कर दी जाएगी।

**रेड जोन में अभी 17 टीमें**

अफसरों ने बताया कि लगातार मरीज मिलने से अलीगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, आलमबाग व चिनहट को रेड जोन में रखा गया है। यहां अब भी 17 टीमें काम कर रही हैं। दिसंबर में इनकी संख्या चार से पांच ही थी। आगे यहां से भी टीमें कम की जाएंगी। अफसरों ने बताया कि लगातार मरीज मिलने से अलीगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, आलमबाग व चिनहट को रेड जोन में रखा गया है। यहां अब भी 17 टीमें काम कर रही हैं। दिसंबर में इनकी संख्या चार से पांच ही थी। आगे यहां से भी टीमें कम की जाएंगी।

# युवक की गला घोंटकर निर्मम हत्या, खंडहर में मिला शव, पुलिस को गर्दन पर मिले नाखून के निशान

कानपुर। कानपुर में युवक की गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घर के पीछे खंडहर में युवक का शव पड़ा मिला। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह जब देर रात तक सर्वेश नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह क्षेत्रीय लोगों ने घर के पीछे एक खाली प्लान में उनका शव पड़ा



घटना चकेरी थानाक्षेत्र की है। जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। चकेरी के सजारी गांव निवासी सर्वेश राजपूत (32) शुक्रवार रात किसी का फोन आने पर घर से चले गए थे। घर में पत्नी, बच्चें सो गए। देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस को सर्वेश के गले में नाखून के निशान मिले हैं। अनुमान है कि उनकी गला दबाकर हुई है। पुलिस सर्वेश की फोन कॉल डिटेल से सुराग लगाने में जुटी है। घटना के बाद से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# उप्र तीसरे चरण की 59 सीटों पर रविवार को होगा मतदान, अखिलेश की किस्मत दांव पर

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में राज्य के 16 जिलों के 59 निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे चरण के लिए रविवार को मतदान होगा। राज् य के मुख् य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मतदान रविवार सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा और चुनाव आयोग ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है कि मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। तीसरे चरण में दो करोड़ 15 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें एक करोड़ 16 लाख से अधिक पुरुष मतदाता और 99 लाख से ज्यादा महिला मतदाता हैं, जबकि एक हजार से अधिक किन्नर (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। तीसरे चरण में राज् य



के 16 जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्रों में मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट भी शामिल है, जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और मुख् य विपक्षी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आमने–सामने हैं। मैनपुरी जिले के साथ ही हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर और महोबा जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में तीसरे चरण में कुल 627 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। तीसरे चरण वाले इन जिलों में शुक्रवार की शाम को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया था। अखिलेश मैनपुरी जिले के करहल क्षेत्र से पहली बार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। वर्ष 2017 में भाजपा की लहर में भी सपा के सोबरन सिंह यादव ने इस सीट पर अपनी जीत बरकरार रखी थी। अखिलेश के मुकाबले केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के भाजपा उम्मीदवार के रूप में सामने आने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। बघेल पहले ही दावा कर चुके हैं कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र को 'किला' या 'गढ़' नहीं कहा जा सकता है। केंद्रीय गशह मंत्री अमित शाह द्वारा बघेल के लिए प्रचार करने और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव अपने पुत्र अखिलेश यादव के लिए करहल के मतदाताओं के बीच प्रचार कर चुके हैं। इन चुनावों में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए मुलायम ने अपने बेटे के लिए करहल में वोट मांगा, जबकि अमित शाह ने मतदाताओं से कहा कि केवल एक सीट (करहल) 300 सीटों का काम कर सकती है। अमित शाह ने कहा था, करहल में कमल को जीत दिलाएं और राज्य से सपा का सफाया हो जाएगा। इस बीच, भाजपा पहले ही चुनाव आयोग से संपर्क कर करहल के सभी बूथों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग कर चुकी है। इतना ही नहीं, इसने बघेल के काफिले पर हमले की हालिया घटना के बाद सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी की है। अखिलेश के चाचा शिवपाल सिंह यादव अपनी पारंपरिक जसवंतनगर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव व उप्र मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी ने कानपुर, हमीरपुर और जालौन में घर–घर प्रचार और रोड शो किया। बसपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने औरैया व जालौन में जनसभा को संबोधित किया। तीसरे चरण के कुल 627 उम्मीदवारों में राज् य सरकार के मंत्री सतीश महाना (महाराजपुर–कानपुर) व आबकारी मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री (भोगांव–मैनपुरी) रामवीर उपाध्याय (हाथरस – सादाबाद) भाजपा से चुनाव मैदान में हैं, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद फर्रुखाबाद सदर से कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) छोड़कर राजनीति में कूदे अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी रहे असीम अरुण भी इसी चरण में कन्नौज के सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर अपनी राजीतिक किस्मत आजमा रहे हैं। वर्ष 2017 में भाजपा ने तीसरे चरण की 59 सीटों में से कुल 49 सीटें जीती थीं जबकि सपा को सिर्फ नौ सीटों से संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस को एक सीट मिली थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी। पहले चरण में 10 फरवरी को 58 और दूसरे चरण में 14 फरवरी को 55 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। राज्य में सात चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान सात मार्च को होगा। परिणाम 10 मार्च को आएंगे।

# 21 फरवरी को कांग्रेस निकालेगी शक्ति यात्रा, सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा आयोजन

नोएडा। कांग्रेस यूपी की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 21 फरवरी को शक्ति यात्रा का आयोजन करेगी। पार्टी का कहना है कि महिला सशक्तीकरण और अन्याय व असमानता के खिलाड़ लड़ रही नारी शक्ति के सम्मान में इस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में एक लाख महिलाओं के मार्च का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में श्लड़की हूं लड़ सकती हूंश अभियान को लेकर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में 21 फरवरी को राज्य की सभी 403 विधानसभाओं में शक्ति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। ये यात्राएं सभी विधानसभाओं में एक साथ एक ही दिन और एक ही समय पर होंगी। उन्होंने कहा कि




महिलाओं को 40 टिकट देने की प्रतिज्ञा पूरी करने के बाद श्लड़की हूं सकती हूंश पदयात्रा से कांग्रेस महिलाओं में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का अहसास जनता तक पहुंचानएगी। शक्ति यात्रा में 2 किलोमीटर लंबे रूट मैप में करीब एक हजार महिलाओं की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। युवा और पुरुष भी इसमें शामिल होंगे। सभी महिलाएं गुलाबी रंग के कपड़ों में मार्च में शामिल होंगी। इसके अलावा आठ मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक लाख महिलाओं का मार्च आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी जनपदों से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

# दायित्वों के प्रति सजग रहें, प्रलोभन से बचें : पुलिस महानिदेशक

मुरादाबाद,(वेब वार्ता)। शनिवार को पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह ने प्रशिक्षु डिप्टी एसपी की क्लास में सभी को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें और प्रलोभन से बचें। प्रशिक्षु डिप्टी एसपी यह कतई न समझें कि पुलिस विभाग में सीओ बन गए हैं तो मंजिल की प्राप्ति हो गई है। यह तो अभी शुरुआत है। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. राजेंद्र पाल सिंह शुक्रवार को डा. भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी पहुंचे थे। उन्होंने अकादमी का निरीक्षण किया था और प्रशिक्षु डिप्टी एसपी से मिले थे। डीजी ट्रेनिंग ने कहा कि सभी अपने दायित्वों के प्रति सजग रहें और गलतियों से सबक लेते रहें। उन्होंने आगे कहा कि नौकरी के दौरान ऐसा काम करें, जिससे पुलिस के अलावा अपना और घरवालों का नाम नोशन हो सके। डीजी ट्रेनिंग ने साफ कहा कि काम करेंगे तो गलतियां भी होंगी। सीनियर अफसरों की डांट भी खानी पड़ेगी। इससे हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। उससे लगातार सबक लेते रहें। सेवा नियमावली के अनुरूप चलें संवेदनशील बनें। विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सद्व्यवहार बनाए रखें। अपर पुलिस महानिदेशक जयनारायण सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक पूनम श्रीवास्तव, एडीशनल एसपी मोनिका चड्डा व महेंद्र सिंह आदि रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार रवीश तिवारी का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन एक्सप्रेस के राष्ट्रीय ब्यूरो प्रमुख रवीश तिवारी का निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ पत्रकार के निधन भी करता था। वह गहरी समझ रखने वाले और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके परिजनों और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। वरिष्ठ



पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रवीश तिवारी 'गहरी समझ वाले' और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ''नियति ने रवीश तिवारी को बहुत जल्दी ही हमसे छीन लिया। मीडिया जगत में उनके निधन से एक शानदार करियर और प्रतिभा का अंत हो गया। मुझे उनकी रिपोर्ट पढ़ने में आनंद आता था और मैं समय–समय पर उनसे बात पत्रकार विकास भदौरिया ने रवीश तिवारी के निधन की जानकारी ट्विटर पर दी। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, गहरी समझ रखने वाले पत्रकार, एक अच्छे इंसान और मेरे प्यारे दोस्त रवीश तिवारी ने शुक्रवार रात इस दुनिया को अलविदा कह दिया। गुरुग्राम के सेक्टर– 20 में आज शाम 3.30 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। ओम शांति शांति शांति।

# मतदान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी

औरैया, (वेब वार्ता)। जनपद में रविवार को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर इस बार विशेष तैयारियां की हैं, ताकि सभी का कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सके और मतदाता निःसंकोच अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इसके लिए 16 सरकारी एंबुलेंस तैनात की जाएंगी। इसके साथ ही 14 आरआरटी टीम लगाई गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने 1280 मतदान केंद्रों के हिसाब से एंबुलेंस खड़ी करने के लिए प्वाइंट चिन्हित किए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी मतदान केंद्र तक पहुंचने में एंबुलेंस को पांच से सात मिनट का समय लगेगा। हर मतदान केंद्र पर मेडिसिन किट चुनाव कर्मियों के लिए उपलब्ध होंगी, ताकि जरूरत पड़ने पर वह किसी को भी दी जा सकें। इतना ही नहीं मेडिकल मोबाइल टीमों के पास भी मेडिसिन किट उपलब्ध रहेंगी। किसी भी मतदान केंद्र पर यदि अतिक्ति मेडिसिन किट की जरूरत होगी तो मोबाइल टीम उपलब्ध कराएगी। जिला सर्विलांस अधिकारी डा.शिशिर पुरी ने बताया कि जनपद में 1280 बूथ बनाये गए हैं। सभी मतदाताओं से अपेक्षा की जा रही है कि वह मॉस्क पहनकर ही मतदान केंद्र पहुंचें, यदि कोई मतदाता बिना मॉस्क लगाए पहुंचेगा तो मॉस्क भी मिलेगा। मतदान केंद्र पर प्रवेश से पहले कोविड हेल्प डेस्क पर मतदाताओं की स्क्रीनिंग होगी। सभी चुनाव कर्मियों को शासन की ओर से निर्देश हैं कि वह अच्छे से मॉस्क लगाकर रहें और सामाजिक दूरी का भी पालन करें। इसके साथ ही सेनेटाइजर इस्तेमाल करते रहें। फिर भी यदि किसी की तबियत बिगड़ती है तो मतदान केंद्र पर दवाओं की किट भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि कोविड हेल्प डेस्क पर थर्मल स्कैनिंग के जरिए मतदाताओं की स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि मतदाता खुद भी जागरूकता का परिचय देते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने और सुरक्षित मतदान संपन्न कराने में मदद करें। एम्बुलेंस सेवा प्रभारी ने बताया कि मतदान के दिन मुख्यालय व प्रत्येक ब्लॉक में दो एम्बुलेंस 108 नंबर तैनात रहेगी। एंबुलेंस पूरे जनपद में चिन्हित किए गए स्थानों पर तैनात रहेंगी। एंबुलेंस खड़ी रखने का स्थान इस हिसाब से चिन्हित किया गया है ताकि सभी मतदान केंद्रों तक एंबुलेंस पांच से सात मिनट में उपलब्ध कराई जा सके।

# रेलवे की आय बढ़ाने की नई योजना, स्टेशनों पर लग सकेंगे निजी कम्पनियों के स्टॉल

लखनऊ, (वेब वार्ता)। रेलवे प्रशासन ने कोरोना के कम होते मामलों को देखते हुए आय बढ़ाने की नई योजना के प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया है। इस योजना के तहत अब लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निजी कम्पनियों के स्टॉल लग सकेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए एक नई योजना के प्रस्ताव को फाइनल कर दिया है। इसके अंतर्गत 15 रेलवे स्टेशनों पर निजी कम्पनियों को प्रमोशन सेंटर खोलने की अनुमति दी गई है। निजी कम्पनियां अब विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल लगाकर प्रचार–प्रसार तो करेंगी, साथ ही ऑनलाइन पढ़ाई के लिए पंजीकरण भी कर सकेंगी। इसके अलावा रेलवे प्रशासन माल भाड़ा के साथ अब यात्री किराए से भी आय बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत ट्रेनों में स्लीपर के बजाय एसी थ्री और एसी इकोनॉमी कोच लगाने की योजना तैयार की गई है। इससे स्लीपर क्लास के यात्री एसी इकोनॉमी क्लास और एसी थ्री में सफर कर सकेंगे। फिलहाल रेलवे ने कोच बढ़ाने की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार का कहना है कि नवीन प्रयोग के तहत लखनऊ मंडल प्रशासन ने राजस्व की वशद्धि के लिए नई योजना के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया है। इसके अंतर्गत 15 रेलवे स्टेशनों पर निजी कम्पनियों को प्रमोशन सेंटर खोलने की अनुमति दी गई है। प्रथम चरण में निजी कम्पनियों के प्रमोशन सेंटर लखनऊ जंक्शन, गोरखपुर, गोमतीनगर, ऐशबाग एवं बादशाहनगर रेलवे स्टेशनों पर खुलेंगे। इससे रेलवे की आय बढ़ेगी। दरअसल, रेलवे स्टेशन परिसर में अभी तक निजी कम्पनियां साइन और ग्लोसाइन बोर्ड के साथ कोच पर फ्लैक्स लगाकर प्रचार–प्रसार करती हैं। इसके लिए निजी कम्पनियां रेलवे प्रशासन के पास निर्धारित शुल्क जमा करती हैं। अब स्टेशन परिसर में एक स्टॉल की जगह भी मुहैया कराई जाएगी।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवम पदाधिकारियों ने सरोजनीनगर प्रत्याशी अभिषेक मिश्र के पक्ष में मांगा जनता से समर्थन

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। दिनाँक 19 फरवरी 2022 को समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह एवम समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव/सरोजनी नगर विधनसभा प्रभारी विकास सेन शास्त्री ने सुबह 8 प्रो०अभिषेक मिश्र को साइकिल का बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील किया इसके साथ साथ जन जन को वचन पत्र में किये गये किसानों, बेरोजगारों, छात्रों,पेंशन, 300 यूनिट फ्री बिजली, महिला पेंशन,फ्री राशन,आदि योजनाओं के बारे में बताकर जनता को जागरूक



बजे से दोपहर 2 बजे तक सरोजनी नगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बदाली खोड़ा,शिवजी नगर,आजाद नगर,ट्रांसपोर्ट नगर ,मखदूम नगर में डोर टू डोर जाकर मा०अखिलेश यादव जी को पुनःरू मुख्यमंत्री बनाने एवम सरोजिनी नगर विधानसभा प्रत्याशी किया गया। इस पद यात्रा में मुख्यतः भाग लेने वालो में छात्र नेता विष्णु यादव, वरिष्ठ सपा नेता सुनील सिंह, प्रिंस सिंह, अमित सोनी, अभय मिश्र,सोनू यादव,राजकुमार वर्मा ,दिनेश कुमार, शोभित श्रीवास्तव,दीपांशु मिश्र,बाबूलाल यादव आदि लोग शामिल रहे।

# विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन का निधन,मुख्यमंत्री ने जताया शोक

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन(88) का शनिवार को लखनऊ के डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। लोहिया संस्थान के क्रिटिकल केयर यूनिट में उनका इलाज चल रहा था। पांच दिन पहले लोहिया संस्थान में उन्हें भर्ती कराया गया था। सपा सरकार में अहमद हसन स्वास्थ्य मंत्री रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में नेता विरोधी दल अहमद हसन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को जारी संदेश में दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने अहमद हसन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हसन भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवश्त्त होने के उपरांत लंबे समय उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे। पिछली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में अपनी सरलता, सहजता एवं वाकपटुता के लिए जाने जाते रहे हैं। दीक्षित ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को चिर शांति व शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह अहमद हसन के निधन से दुःखी हैं। सभापति ने कहा कि आईपीएस की नौकरी से सेवानिवश्त्त होने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। तभी से ही विधान परिषद के सदस्य हैं। उप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हसन एक जनप्रिय नेता थे। उनके निधन से प्रदेश की राजनीति में शून्यता आई है। उनकी कमी की भरपाई हो पाना कठिन है। सभापति सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह दिवंगत आत्मा को चिर शांति व शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने भी ईश्वर से दिवंगत आत्मा के चिर शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# डोर टू डोर जाकर मतदान करने की ऐम कॉलेज के प्रवक्ता युवा छात्र छात्राओं ने की अपील

## बाड़ी के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक संपन्न
## मतदाता जागरूकता प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान संपन्न
## बाड़ी का वोट प्रतिशत बढ़ाना है जनपद का का नाम उठाना गुंजा नारा
## सिधौली के कम प्रतिशत वाले स्थानों को चिन्हित कर कर रहे जन जागरूकता




अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली। तहसील क्षेत्र के कस्बा बाड़ी में स्थित ऐम कॉलेज के बीएड व डीएलएड के छात्र–छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम व रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया जन जागरूकता नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम में कालेज सचिव एडवोकेट एमएस फरीदी , इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने किया प्रतिभाग। तहसील क्षेत्र में प्रतिशत मतदाता जागरूकता प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से ऐम कॉलेज के द्वारा कस्बा बाड़ी के सभी पोलिंग बूथों पर मतदाता जन जागरूकता के लिए एक विशाल जन जागरूकता रैली के साथ जिले की सबसे ग्राम पंचायतों में गिनी जाने वाली बाड़ी के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया ।

मतदाता जागरूकता रैली आयोजन किया गया।

ग्रामसभा बाड़ी में ऐम कॉलेज तारिक सिद्दीकी ,चंद्रशेखर प्रजापति, काज़ी जामी, संतोष कुमार विमल कुमार राजपूत, मो. सलमान डोर टू डोर जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोगों से 23 फरवरी को मतदान करने के लिए अपील की कस्बा कॉलेज की ठ.म्क व डीएलएड के छात्र छात्राओं ने बाड़ी निवासियों को जगह–जगह मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। कॉलेज सचिव एडवोकेट एमएस फरीदी ने मतदाता जागरूकता करने वाले सभी प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की बात कही कालेज के द्वारा लगातार 23 फरवरी तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा। कोतवाली सिधौली से इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने ग्रामवासियों से शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए अपील की मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक देखने के लिए ग्राम वासियों का लगा ताता। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वाले रीना देवी, निर्मल कुमार, स्वेता प्रजापति ,मोहम्मद आसिफ, शुक्ला विशाल रावत, हर्ष राज ,नंदनी रावत, प्राची अवस्थी, नीलू देवी, नैंसी सिंह, विनीता कुमारी ,सुनीता रावत मोहम्मद समीर जे , निशी , सगीर खान, काजल , किरन शुभांगी शुक्ला प्राची अवस्थी ज्ञानचंद के द्वारा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया इस मौके पर काले सचिव एडवोकेट एमएस फरीदी तारिक सिद्दीकी चंद्रशेखर प्रजापति, संतोष कुमार ,विमल कुमार राजपूत, मोहम्मद सलमान ,शहनूर जेबा, रुबीना, प्रतिभा अग्निहोत्री, सपना डे, आकांक्षा सिंह, जैनब, कौशलेंद्र प्रजापति अमित कुमार ,अनम नाज ,अविनाश रावत आज तमाम लोग मौजूद रहे ।

# पद छोड़ने के बाद सरकारी गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे ट्रंप: अमेरिकी अभिलेखागार

वाशिंगटन, (वेब वार्ता)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार–आ–लागो स्थित निवास पर व्हाइट हाउस के दस्तावेजों के जो 15 डिब्बे रखे गए थे उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी थी। देश के राष्ट्रीय अभिलेखागार और दस्तावेज प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि न्याय मंत्रालय को इस मामले रहा था कि ट्रंप, जनवरी 2021 में पद छोड़ने के बाद अपने साथ सरकारी दस्तावेज फ्लोरिडा ले गए थे। प्रतिनिधि सभा के



से अवगत करा दिया गया है। निगरानी और सुधार पर प्रतिनिधि सभा की समिति को नौ फरवरी को लिखे गए एक पत्र के जवाब में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने उन खबरों की पुष्टि की जिसमें कहा जा सदस्यों ने एक जांच शुरू की थी और राष्ट्रीय अभिलेखागार ने कथित तौर पर न्याय मंत्रालय से इस मामले को देखने को कहा है। इस बाबत न्याय मंत्रालय और संघीय जांच एजेंसी ने अभी तक कुछ नहीं कहा है।

# 16 कर्मचारियों को गंभीर रूप से जहर देने की जांच के दायरे में इलेक्ट्रॉनिक पुर्जा निर्माता कंपनी

सियोल, (वेब वार्ता)। दक्षिण कोरियाई श्रम मंत्रालय ने दक्षिणी शहर चांगवोन में एक एयर कंडीशनिंग पुर्जे निर्माता पर कार्यस्थल आपदा रोकथाम कानून के संदिग्ध उल्लंघनों को लेकर छापा मारा है। यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि 16 श्रमिकों को एक खतरनाक पदार्थ के साथ तीव्र विषाक्तता का पता चला था। यह पहला कथित कार्यस्थल आपदा अपराध है जिसमें औद्योगिक रोग शामिल हैं। पिछले श्रम मंत्रालय की जांच में मुख्य रूप से कार्यस्थल दुर्घटनाएं शामिल थीं। कंपनी में छापेमारी तब हुई जब एक उत्पाद की सफाई प्रक्रिया के दौरान रसायन के सामान्य रूप से अनुमत स्तर से छह गुना अधिक के रूप में उजागर होने के बाद 16 श्रमिकों में जिगर की कार्यक्षमता की समस्याओं को दिखाते हुए तीव्र क्लोरोफॉर्म नशा की सूचना मिली थी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, खोज के बाद, श्रम मंत्रालय ने सफाई प्रक्रिया को तत्काल रोकने का आदेश दिया। क्लोरोफॉर्म, जिसे ट्राइक्लोरोमेथेन भी कहा जाता है, एक रंगहीन, वोलेटाइल लिक्वि ड है। जब मनुष्यों द्वारा एकाग्र स्तर पर साँस ली जाती है, तो यह लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, एक ही समय में 10 से अधिक श्रमिकों में एक ही कारण से तीव्र विषाक्तता हुई। चूंकि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है, हमने तेजी से छापेमारी की। अधिकारियों ने लगभग 12 घंटे में तलाशी पूरी की और कंपनी के रसायनों के प्रबंधन और समग्र सुरक्षा उपायों से संबंधित दस्तावेजों को जब्त कर लिया। अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने एक कंपनी की भी जांच शुरू की है जो डूसुंग को तरल पदार्थ की आपूर्ति करती है।

# यूरोप में तूफान यूनिस का कहर, नौ लोगों की मौत

लंदन, (वेब वार्ता)। अटलांटिक महासागर में उठे जबर्दस्त तूफान यूनिस ने इंग्लैंड व आयरलैंड सहित यूरोप के कई देशों पर कहर ढा दिया है। 196 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने जनजीवन अस्त–व्यस्त कर दिया है। इससे अबतक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है। ब्रिटेन के मौसम विभाग के अनुसार तूफान यूनिस पश्चिमी इंग्लैंड के कॉर्नवाल तट से टकराया। इसके असर से समुद्र में जबर्दस्त लहरें उठीं। इस कारण समुद्री सेवाओं के अलावा हवाई सेवाओं और रेल सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। हजारों घरों की बिजली गुल है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। लंदन के प्रसिद्ध ओ2 एरेना सहित सैकड़ों कॉटेज की छतें उड़ गयी हैं। जिस समय तूफान आया, ओ2 एरेना परिसर में एक हजार से अधिक लोग मौजूद थे। आनन–फानन में राहत कार्य चलाकर परिसर को खाली कराया गया। हवा इतनी तेज चली कि ब्रिटेन में 436 उड़ानें रद्द कर दी गयीं। लंदन में एक महिला की कार पर पेड़ गिरने से मौत हो गई। वहीं, लिवरपुल में एक व्यक्ति की कार पर मलबा गिरने से जान गई। दक्षिणी इंग्लिश काउंटी हैम्पशायर में एक वाहन के गिरे हुए पेड़ से टकरा जाने से एक व्यक्ति की जान चली गयी। नीदरलैंड्स में पेड़ गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। बेल्जियम में तेज हवाओं से एक क्रेन अस्पताल की छत पर गिर गई। एक ब्रिटिश व्यक्ति की नाव से पानी में गिरने के कारण मौत हो गई। वेल्स में बिजली की लाइनें टूटने से एक लाख से अधिक लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

# इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्रों को निजी सहयोग से बढ़ाएगी सरकार

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। सरकार ने कहा है कि देश में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग केंद्रों का विस्तार किया जाएगा। इसमें निजी क्षेत्रों का भी सहयोग लिया जाएगा और देश मे जल्द ही प्रमुख शहरों और राजमार्गों में तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से 22,000 चार्जिंग केंद्र खोले जाएंगे। विद्युत मंत्रालय ने इस संबंध में शनिवार को बताया कि सरकार की योजना देश के चार लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सार्वजनिक इलेक्ट्रॉनिक वाहन चार्जिंग केंद्रों के विस्तार की योजना है। इस क्रम में निजी क्षेत्रों का भी सहयोग लिया जाएगा और जल्द ही प्रमुख शहरों तथा राजमार्गों में तेल कंपनियों के सहयोग से 22,000 चार्जिंग केंद्र खोले जाएंगे। मंत्रालय का कहना है कि पिछले चार महीनों में नौ बड़े शहरों में चार्जिंग केंद्रों की संख्या में ढाई गुना वृद्धि हुई है। इन नौ शहरों में गत अक्टूबर से जनवरी तक 678 अतिरिक्त सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस तरह से देश में 1640 सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्र हैं जिनमे 940 इन नौ शहरों में हैं। गौरतलब है कि विद्युत मंत्रालय ने 14 जनवरी को इलेक्ट्रिक चार्जिंग ढांचे के विस्तार के लिए संशोधित समेकित दिशानिर्देश और मानक जारी किए जिनके जरिए देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की गई हैं जिसमे सार्वजनिक चार्जिंग ढांचे के विस्तार को विशेष महत्व दिया गया है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों बीईई, ईईएसएल, पीजीसीआईएल, एनटीपीसी आदि को शामिल करके सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की योजना है। इसमे कई निजी संगठन भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए आगे आए हैं।

# सोशल मीडिया पर वायरल हुई विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर की शादी की तस्वीर

मुंबई, (वेब वार्ता)। छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक का सफर तय करने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी बीते दिन यानी 18 फरवरी को अपनी लेडी लव व अभिनेत्री शीतल ठाकुर के साथ शादी के बंधन में बंध गए। दोनों की शादी की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस दौरान शीतल जहां रेड कलर के पारम्परिक दुल्हन की लिबास में नजर आईं। वहीं विक्रांत व्हाइट कलर की शेरवानी पहने हुए नजर आये। इस दौरान दोनों काफी खुश नजर आये। विक्रांत और शीतल की शादी में सिर्फ परिवार और करीबी लोग ही शामिल हुए। लेकिन फैंस इनकी शादी से काफी खुश



हैं। विक्रांत मैसी जहां बॉलीवुड का जाना–माना नाम बन चुके हैं वहीं शीतल ठाकुर भी पेशे से मॉडल और अभिनेत्री हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्रांत और शीतल काफी समय से एक –दूसरे को डेट कर रहे थे। दोनों ने वेब सीरीज ब्रोकन बट ब्यूटीफुल में साथ में स्क्रीन शेयर किया था और इसी दौरान दोनों एक –दूसरे को दिल दे बैठे। इसके बाद दोनों ने नवंबर 2019 में सगाई की थी और अब दोनों शादी के बंधन में हमेशा हमेशा के लिए बंध गए हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954
मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
R.N.I.- UPHIN/2012/45127
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।